फाइल संख्या-15011/36/2022-न्याय(एयू)/e6889

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

**विषय: न्याय विभाग के संबंध में दिसंबर, 2023 माह का मासिक सारांश**

दिसंबर, 2023 माह के लिए न्याय विभाग की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं:

**1. ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना:**

क. **एनजेडीजी**: राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर, 01.12.2023 तक, 24.47 करोड़ से अधिक मामलों और कम्प्यूटरीकृत अदालतों से संबंधित 24.13 करोड़ से अधिक आदेशों/निर्णयों के संबंध में मामले की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ख. **ई-सेवा केंद्र:** 30.11.2023 तक, 25 उच्च न्यायालयों के अंतर्गत 875 ई-सेवा केंद्र कार्यात्मक बनाए गए हैं ।

ग. **वर्चुअल कोर्ट:** 25 वर्चुअल कोर्टों द्वारा 4.11 करोड़ से अधिक मामलों का निपटान किया गया और 45 लाख से अधिक मामलों में ऑनलाइन जुर्माना लगाया गया, दिनांक 30.11.2023 तक 478.69 करोड़ रुपए की वसूली की गई है।

घ. **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग:** दिनांक 30.11.2023 तक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का उपयोग करके 2.97 करोड़ मामलों की सुनवाई की गई (जिला और अधीनस्थ अदालतों द्वारा 2.15 करोड़ मामले और उच्च न्यायालयों द्वारा 81.81 लाख मामले)।

ङ. **ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप:** दिनांक 30.11.2023 तक ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप कुल 2.11 करोड़ डाउनलोड किया गया है ।

च. **JustIs ऐप:** दिनांक 30.11.2023 तक, न्यायिक अधिकारियों के लिए मोबाइल ऐप कुल 19,433 डाउनलोड किया गया है ।

**2. टेली-लॉ: वंचितों तक पहुँचना**

क. 31 दिसंबर 2023 तक, दिसंबर 2023 के महीने में 4,57,047 सहित 64,80,269 लाभार्थियों को कानूनी सलाह प्रदान की गई।

ख. महीने के दौरान, ग्राम स्तरीय उद्यमियों/पैरा-कानूनी स्वयंसेवकों (वीएलईएस/पीएलवी), राज्य समन्वयकों और पैनल वकीलों द्वारा 19 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 86 जिलों में आयोजित 114 जागरूकता सत्रों/शिविरों में 2,738 लोगों ने भाग लिया।

ग. वीएलई, राज्य समन्वयक जैसे टेली-लॉ क्षेत्र के पदाधिकारियों के अनुभवों को साझा करने के लिए टेली-लॉ कार्यक्रम के सेल्फी ड्राइव अभियान के तहत 31 दिसंबर, 2023 तक 36 राज्यों और

केंद्रशासित प्रदेशों से कुल 219 सेल्फी/वीडियो टेली लॉ सोशल मीडिया साइटों पर अपलोड किए गए थे। (फेसबुक ट्विट्टर)।

**3. न्याय बंधु (प्रो-बोनो लीगल सर्विसेज) कार्यक्रम:**

महीने के दौरान, न्याय बंधु मोबाइल एप्लिकेशन/वेब पोर्टल के माध्यम से 82 नए प्रो-बोनो अधिवक्ताओं ने पंजीकरण कराया । न्याय बंधु पोर्टल के अंतर्गत कुल 10,711 वकील (पुरुष-8970), महिला-1739, ट्रांसजेंडर-02) का पंजीकरण किया गया है।

**4. कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (LLLAP):**

क. नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू), बेंगलुरु, कर्नाटक ने 15 दिसंबर 2023 को 1,303 प्रतिभागियों के लिए 'लिंग आधारित हिंसा: कानूनी संरक्षण पर एक ऑनलाइन कार्यशाला' का आयोजन किया । एनएलएसआईयू ने भी 21 दिसंबर 2023 को एससीएबी लॉ कॉलेज, रायचूर, कर्नाटक में लिंग आधारित हिंसा कानूनी संरक्षण पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें 123 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

ख. अब्दुल नज़ीर साब राज्य ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, मैसूरु, कर्नाटक ने कर्नाटक के 28 जिलों में पंचायती राज संस्थानों की 865 निर्वाचित महिला अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

ग. ओडिशा में, एलईडी वैन के माध्यम से अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2006) पर कानूनी जागरूकता अभियान आयोजित किया गया था। यह अभियान 11 दिसंबर 2023 को खजूरीपाड़ा, कंधमाल से शुरू हुआ और 30 दिसंबर 2023 को लोइसिंघा, बलांगीर में समाप्त हुआ, जिसमें ओडिशा के 7 जिलों के 9703 ग्रामीणों तक पहुंचा गया ।

घ. राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र ने 5 दिसंबर 2023 को छत्रपति संभाजी नगर में 47 मास्टर प्रशिक्षकों के लिए और 29 दिसंबर 2023 को वाशिम, महाराष्ट्र में 97 ग्राम विकास अधिकारियों के लिए कानूनी क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए ।

******